24 korba-pg1_Layout 1 4/24/2025 11:27 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री


हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


4

अवैध कबाड़ पर पुलिस की कार्रवाई कबाड़ से भरा छोटा हाथी वाहन जब्त




छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829


## खबर संक्षेप

### स्थायी शिक्षा समिति की बैठक 28 को

**कोरबा।** जिला पंचायत कोरबा की स्थायी शिक्षा समिति की बैठक 28 अप्रैल को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई है।

### लेखापाल के रिक्त संविदा पद पर भर्ती 30 को

**कोरबा।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत जिला पंचायत संसाधन केन्द्र कोरबा में लेखापाल के स्वीकृत 1 रिक्त पद की पूर्ति किया जाना है। पंचायत संचालनालय अंतर्गत लेखापाल के 1 रिक्त संविदा पद पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2021 एवं पंचायत संचालनालय छ.ग. विकास भवन अटल नगर रायपुर द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के लिए जारी मार्गदर्शिका में विहित प्रावधान अनुसार निर्धारित सेवा शर्तों, अर्हता एवं योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से लेखापाल के एक रिक्त संविदा पद के लिए 30 अप्रैल की शाम 5 बजे तक कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा के नाम पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है।

### संत सेन जयंती पर आज सेलून रहेंगे बंद

**कोरबा।** श्रीवास (नाई) सामाजिक कल्याण समिती के तत्वाधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष 25 अप्रेल को संत सेन जंयती हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर श्रीमति संजू देवी राजपूत, विशिष्ट अतिथि सभापति नूतन सिंह ठाकुर, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, पार्षद लक्ष्मण श्रीवास सहित जिले के समस्त स्वाजातियों अपील की गई है कि इस अवसर पर एक दिन के लिए जिले के समस्त सेलून दूकान बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

### हाई सिक्योरिटी प्लेट लगाने दिए दिशा निर्देश

**कोरबा।** हाई सिक्योरिटी प्लेट लगाने हेतु अनुबंधित कंपनी रियलमेजन के साथ 24 अप्रैल को बैठक सपंन्न हुई। बैठक में अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों में तेजी के साथ हाई सिक्योरिटी प्लेट (एच.एस.आर.पी) लगाने हेतु विभिन्न स्थानों कलेक्टर परिसर, नगर निगम, जिला परिवहन कार्यालय, बालको प्लांट परिसर एवं जमनी पाली क्षेत्रों में शिविर का आयोजन कर एच.एस.आर.पी लगाने का कार्य किया जावेगा। वाहन स्वामी के पंजीकृत वाहनों में मोबाईल नंबर अपडेट करने हेतु जिला परिवहन कार्यालय में 10 काउंटर खोले गये है।

### कालेज में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

**कोरबा।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शासकीय मुकुटधर पाण्ढेय महाविद्यालय कटघोरा में विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बतौर विशिष्ट अतिथि प्रो.वाय. के.तिवारी, जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना कोरबा, मनोज राठौर एएसआई यातायात विभाग कोरबा एवं उनकी टीम, शासकीय मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय कटघोरा से डॉ.शिवदयाल पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ श्रीमती शिखा शर्मा , कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर अजय कुमार पटेल एवं सदस्य प्रोफेसर श्रीमती मधु कंवर , प्रोफेसर शुभम ढोरिया, लैब टेक्नीशियन जमुना कुर्रे कार्यक्रम संचालन समिति थे।

# शादी सीजन शुरू होते ही शराब बिक्री में आया बूम, विभाग के खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अप्रैल के महीने में शादी का सीजन शुरू हो चुका है और शादी का सीजन शुरू होते ही जिले के देशी विदेशी शराब दुकानों में आम दिनों की अपेक्षा भीड़ बढ़ने लगी है और शराब की बिक्री में बूम देखा जा रहा है जिससे आबकारी विभाग को लगातार राजस्व की बढ़ोतरी हो रही है। बताया जाता है कि मौजूदा स्थिति में प्रतिदिन 1 करोड़ 27 लाख की शराब की बिक्री हो रही है। आने वाले दिनों में इसकी बिक्री और तेज होने की संभावना जताई जा रही है।

अलग खबर

उल्लेखनीय है कि फरवरी के महीने में शराब की बिक्री में कमी दर्ज की गई थी। अप्रैल के महीने से शादी का सीजन शुरू हो चुका है। आबकारी विभाग अप्रैल और मई का महीना शराब बिक्री के दृष्टिकोण से अहम माना जाता है। शादी का सीजन होता है और इसी महीने में सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर शादियां होती है और शादियां होने की वजह से लोग बड़े पैमाने पर शराब का सेवन करते हैं और यही वजह है कि शराब की बिक्री में इजाफा हुआ है। बताया जाता है कि वर्ष 2024 में अप्रैल के महीने में जिले में प्रतिदिन 1 करोड़ 9 लाख रुपए की शराब की बिक्री अमूमन हुआ करती थी लेकिन इस वर्ष अप्रैल के महीने में शराब की बिक्री में जबरदस्त इजाफा दर्ज किया गया है। आबकारी विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक इस महीने प्रतिदिन 1 करोड़ 27 लाख रुपए के आसपास की प्रतिदिन जिले में शराब की बिक्री हो रही है। जिससे आबकारी विभाग का लगातार खजाना भरते ही जा रहा है। आबकारी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आने वाले महीना मई के महीने में और भी शादी का सीजन तेज होगा इससे बिक्री और भी तेज होने की संभावना जताई जा रही है। इसे देखते हुए आबकारी विभाग के अफसर ने जिले के सभी देशी विदेशी मदिरा दुकानों में स्टॉक किया जा रहा है ताकि मदिरा प्रेमियों को उनके पसंद के अनुरूप के शराब मिल सके।

## प्रतिदिन 1 करोड़ 27 लाख की जिले में बिक रही है शराब

**खास बातें**

- जिले में कुल 37 देशी व विदेशी शराब दुकान हो रही संचालित
- वर्ष 2024 अप्रैल में 1.8 करोड़ की बिकी थी शराब



**सवा करोड़ की बिक रही शराब**

जिले के शराब दुकानों में अप्रैल के महीने में लगभग 1 करोड़ 27 लाख की शराब की बिक्री हो रही है। आने वाले मई के महीने में यह बिक्री और बढ़ने की संभावना है। इसके लिए विभाग दुकानों में शराब का स्टॉक कर रही है।

- आशा सिंह
सहायक आयुक्त आबकारी

## नीतिगत मामलों में आवश्यक संशोधन का सीएमडी ने दिया आश्वासन

# अब कोरबा और रायगढ़ क्षेत्र में पुनर्वास के एवज में मिलेगा अतिरिक्त 3 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल बिलासपुर मुख्यालय में बोर्ड मेंबरों व भूविस्थापितों के साथ आयोजित बैठक में भूविस्थापितों की 12 सूत्रीय मांगों को लेकर चर्चा की गई, जिसमें मेगा प्रोजेक्ट के अलावा अब एसईसीएल के अन्य एरिया में भी

**खास बात**

- ऊर्जाधानी संगठन के साथ सीएमडी और बोर्ड मेंबरों के साथ बैठक संपन्न

भूविस्थापितों को पुनर्वास के एवज में मिलने वाली राशि में बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत अब एसईसीएल के दूसरे एरिया में भी पुनर्वास के लिए अतिरिक्त 3 लाख रूपये की राशि दी जाएगी। इस तरह पुनर्वास के लिए अब 6 लाख रूपये की राशि दी जाएगी। बैठक में अन्य मुद्दों पर भी सहमति बनी है, जिससे भूविस्थापितों ने राहत की सांस ली है।

एसईसीएल बिलासपुर मुख्यालय में भूविस्थापितों की 12 सूत्रीय मांगों सहित अन्य मुद्दों पर गुरूवार को ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के साथ सीएमडी हरीश दुहन, एन फ्रेंकलिन जयकुमार डायरेक्टर तकनीकी (पीपी), बिरंचि दास डायरेक्टर पर्सनल, जीएम भू-राजस्व, जीएम श्रम शक्ति सहित अन्य सभी विभागों के प्रमुख अधिकारियों की दो चरण में लंबी बैठक हुई, जिसमें



बैठक में उपस्थित अधिकारी व भूवस्थापित।

सभी बिंदुओं पर चर्चा किया गया। उल्लेखनीय है कि ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने विगत 1 अप्रैल को एसईसीएल मुख्यालय में आक्रोश रैली व धरना प्रदर्शन के साथ 12 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा था। 16 अप्रैल को एसईसीएल की कोरबा, दीपका, कुसमुंडा और रायगढ़ क्षेत्र के खदानों में एक साथ खदान बंदी आंदोलन किया था। एक ही दिन एक साथ खदान बंद होने और कोयला परिवहन बंद हो जाने से एसईसीएल प्रबंधन को आंदोलन के आगे झुकना पड़ा था। यही वजह है कि प्रबंधन को उच्च स्तर की बैठक करने पर विवश होना पड़ा। बैठक में विभिन्न मांगों पर चर्चा की गई। जिसमें परियोजना स्तर पर पुनर्वास कमेटी बनाने पर एसईसीएल जिला पुनर्वास समिति के तर्ज पर क्षेत्रीय स्तर पर समस्याओं के निराकरण के लिए कमेटी बनाई जाएगी। कोल इंडिया पालिसी के स्थान पर केंद्रीय पुनर्वास नीति 2013 को लागू करने के लिए पहल की जाएगी, ताकि बेहतर पुनर्वास रोजगार की व्यवस्था किया जा सकेगा। छोटे खातेदार और अर्जन के बाद जन्म, पुराने रोजगार के लंबित मामलों के निराकरण के लिए लीगल ओपिनियन के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी। वन एवं शासकीय भूमि पर निर्मित मकानों एवं सामूहिक अधिकार दिलाने के लिए टीम द्वारा जांच कराई जाएगी। भूविस्थापित व प्रभावितों के लिए आउटसोर्सिंग कंपनियों में 80 प्रतिशत भर्ती के लिए एनआईटी में संशोधन किया जाएगा। स्वयं सहायता समूह और भूविस्थापित को-ऑपरेटिव सोसायटी के लिए कौशल उन्नयन कार्यक्रम संचालित की जाएगी तथा स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए सहयोग किया जाएगा। पुनर्वास ग्रामों में सर्वे कराया जाएगा और विकास कार्य कराए जाएंगे। जिला खनिज न्यास मद की राशि को प्रभावित ग्रामो में पंचायत के माध्यम से कराए जाने के लिए एसईसीएल जिला प्रशासन को प्रस्ताव बनाकर भेजेगी। मूल किसानों के मुआवजा में कटौती नहीं की जाएगी। कट ऑफ डेट के बाद बने मकानों के मुआवजा निर्धारण में मूल किसानों को नुकसान नहीं होगा। ठेका कामगारों के सामाजिक सुरक्षा, एचपीसी रेट, वेतन, मेडिकल, जैसी सुविधाओं को पालन कराने के लिए निरीक्षण किया जाएगा और कंपनियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। बंद होने पर खदानों में बैक फिलिंग किया जाएगा और शासन को नियमतः कार्यवाही के लिए सुपुर्द किया जाएगा। भूविस्थापित परिवारों के लिए गांव-गांव मेडिकल कैम्प और डीएवी केंद्रीय स्कूलों में शिक्षा के लिए आरक्षण दी जाएगी। भूविस्थापितों पर अनावश्यक कानूनी कार्यवाही न हो तथा उनकी मांगों पर प्रतिमाह समस्या समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। रैखिक संबंध और तीसरी पीढ़ी के बाद रोजगार बंद कर दिए जाने की नीति में भी संशोधन किए जाने के लिए कार्यवाही किया जाएगा।

### एसईसीएल के 9 एरिया के भूविस्थापितों को मिला लाभ

एसईसीएल के कुल 12 एरिया है, जिनमें से मध्यप्रदेश में 4 व छत्तीसगढ़ में 8 एरिया संचालित है। इनमें से एसईसीएल के 3 मेगा प्रोजेक्ट गेवरा, दीपका व कुसमुंडा परियोजना से प्रभावित भूविस्थापितों को पहले ही पुनर्वास के लिए 10 लाख रूपये व 5 लाख रूपये प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है, जबकि शेष बचे 9 एरिया में खदान से प्रभावित भूविस्थापितों को पुनर्वास के लिए केवल 3 लाख रूपये की राशि दी जाती थी। अब इसमें अतिरिक्त 3 लाख रूपये की राशि और दी जाएगी। इस तरह पुनर्वास के लिए भूविस्थापितों को कुल 6 लाख रूपये की राशि दी जाएगी।

### पेट्रोल पंप व मसाला उद्योग पर हुई चर्चा

एसईसीएल मुख्यालय में सीएमडी और बोर्ड मेंबरों के साथ आयोजित बैठक में भूविस्थापित समस्याओं के समाधान कीं उम्मीद बनी है सभी मांगों पर सकारात्मक चर्चा हुई है। वर्ष 2021 में भी संगठन के आंदोलन के दबाव के बाद पालिसी में संशोधन हुआ था पुनः संशोधन होने की उम्मीद है, जिससे भूविस्थापितों को लाभ होने की उम्मीद है। बैठक में भूविस्थापित कॉपरेटिव के लिए पेट्रोल पंप तथा मसाला उद्योग स्थापित करने की योजना पर भी बात हुई है इससे भूविस्थापित परिवारों को आगे बढ़ने में मदद मिलेगा। भूविस्थापित ठेका कार्यों को 5 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने पर सहमति प्रदान की गई। इसके अलावा अमगांव के रोजगार से वंचित लोंगो को 5 लाख दिलाने के लिए क्षेत्र स्तर पर जांच कर कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया है।

# व्यापारी पर लुटेरों ने कट्टे के बट से किया हमला, एक गिरफ्तार, दो फरार



आरोपी से जब्त कट्टा।



घायल व्यापारी



आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनांचल क्षेत्र में गल्ला किराना का व्यापार करने वाले क्षेत्र के एक बड़े व्यापारी पर बाइक सवार तीन युवकों ने लूटपाट की नीयत से हमला कर दिया व्यापारी ने हिम्मत दिखते हुए लुटेरों का विरोध किया जिसके चलते लुटेरे अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाए। इस दौरान अन्य व्यापारी भी वहां पहुँच गए और लुटेरों से भिड़ गए। अपने मंसूबे में कामयाब नहीं होने पर दो लुटेरे भाग निकले, एक लुटेरे को पकड़ कर व्यापारियों ने पुलिस के हवाले कर दिया है। इस दौरान एक व्यापारी के सिर पर गंभीर चोट लगी है।

**खास बातें**

- जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र श्यांग थाना क्षेत्र के अमलडीहा साप्ताहिक बाजार में हुई वारदात
- हमलावर लुटेरे झारखंड के गुमला के रहने वाले

मामला जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम अमलडीहा साप्ताहिक बाजार में घटित हुई है। जानकारी के अनुसार ग्राम श्यांग निवासी गल्ला किराना व महुआ व्यापारी आयुब मेमन पिता रज्जाक मेमन हमेशा की तरह गुरुवार की दोपहर अमलडीहा साप्ताहिक बाजार गया हुआ था जहां वह अपना गल्ला किराना का दुकान लगाया हुआ था कि इसी दौरान दोपहर लगभग 1 बजे एक मोटरसाइकिल में सवार होकर तीन युवक सीधे आयुब मेमन के पास पहुंचे और उससे ही आयुब मेमन के बारे में पूछने लगे जैसे ही उसने अपना परिचय दिया लुटेरों ने उसके ऊपर कट्टा अड़ा दिया लेकिन आयुब मेमन ने हिम्मत दिखाई और लुटेरों से भिड़ गया फिर क्या था बाजार में ही अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। आसपास के कुछ और भी व्यापारी वहां पहुँच गए जिसके बाद मौके से दो लुटेरे बाइक में सवार होकर भाग निकले लेकिन आयुब मेमन ने एक लुटेरे ग्राम गुमला झारखंड निवासी धनेश्वर सिंह को अन्य व्यापारियों की मदद से धरदबोचा और ⏭ शेष पेज 3 पर

# नहर में मिली मजदूर की लाश, क्रेन की मदद से बाहर निकाला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी पावर प्लांट के पास स्थित नहर साइफन में एक मजदूर का शव मिला है। केंदाईखार गांव का रहने वाला शिवकुमार 40 वर्ष की सुबह रोजाना की तरह काम पर निकला था लेकिन घर नहीं लौटा। छानबीन के बाद नहर में उसकी लाश देखी गई। मामला दर्री थाना क्षेत्र का है। तेज पानी के बहाव के कारण शव को निकालने में काफी मुश्किल हुई। प्रबंधन ने क्रेन की मदद से शव को बाहर निकाला। शिवकुमार एनटीपीसी में ठेका कर्मी के रूप में कार्यरत था। वह पिछले कुछ समय से आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। सूत्रों के अनुसार इससे पहले भी वह कई बार आत्महत्या का प्रयास कर चुका था और घर से भाग चुका था। जानकारी के मुताबिक लंबे समय तक शिवकुमार भार्या के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। देर शाम एनटीपीसी नहर के साइफन पर उसका शव दिखाई दिया। दर्री थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# स्वास्थ्य सचिव ने कटघोरा अस्पताल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा का निरीक्षण कर केंद्र में मरीजो को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी, आईपीडी, प्रसव कक्ष, प्रसूती वार्ड, प्रयोगशाला, एक्सरेकक्ष, टीकाकरण कक्ष, फार्मेसी, स्टोर, ऑपरेशन थिएटर, धन्वन्तरी जेनेरिक दवा दुकानोंसहित पूरे परिसर का अवलोकन कर संधारित रिकार्ड के संबंध में जानकारी लिए। श्री कटारिया द्वारा भर्ती मरीजों से अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली गई। उन्होने चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देतेहुए मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार एवं बेहतर देखभाल करने का निर्देश दिया। सचिव श्री कटारिया स्वास्थ्य द्वारा चिकित्सालयों में नेक्स्टजेन ई हॉस्पिटल को ⏭ शेष पेज 3 पर



निरीक्षण करते स्वास्थ्य सचिव व अन्य।

## यातायात के बढ़ते दबाव से मिलेगी राहत

# स्टेडियम से लेकर सीएसईबी चौराहा तक बनाया जा रहा डिवाइडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टीपी नगर क्षेत्र में यातायात की समस्या को देखते हुए स्टेडियम से लेकर सीएसईबी चौराहा वाले मुख्य मार्ग पर रोड डिवाइडर की व्यवस्था कराई जा रही है। इसके साथ ही आसपास में सड़क को घेर कर रखे गए कबाडनुमा वाहनों और अन्य अवरोधक को हटाने की कार्यवाही की जा रही हैं।

रोड डिवाइडर के निर्माण पर निगम के द्वारा लगभग डेढ़ करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। सीमित अवधि में इस काम को पूरा किया जाना है। कहा जा रहा है कि इस मार्ग पर रोड डिवाइडर बन जाने से वाहनों को आने-जाने में अलग-अलग विकल्प मिलेंगे और पहले की तरह अनावश्यक परेशानियां पेश नहीं आएगी। वाहनों के सुचारू संचालन से इस रास्ते पर पहले जैसी तस्वीर भी पेश नहीं आएगी जैसा कि यहां पर ब्रेकडाउन वाली गाडि़यों को खड़ी करने के साथ और दूसरी अनुपयोगी सामग्रियों को रख दी जाती थी। नगर निगम और यातायात पुलिस की ओर से कहा गया है कि अगर ऐसी कोई हरकत होती है तो उसे पर त्वरितकार्यवाही होगी। दूसरी ओर कोरबा शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था से जुड़ी शिकायत दूर करने के लिए अभियान शुरू किया गया है। 2 दिन में ट्रांसपोर्ट नगर, राताखार बायपास और सीएसईबी रोड पर अभियान चलाते हुए दुपहिया चार पहिया और भारी वाहनों पर एक्शन लिया गया, जिन्हें अवैध रूप से नो पार्किंग जोन में खड़ा कर दिया गया था। ऐसी गाडि़यों को लॉक करने के साथ अर्थदंड वसूला गया। दरअसल उक्त स्थान से लगातार शिकायतें मिल रही थी कि इस इलाके में मुख्य सड़क के काफी हिस्से को कब्जा कर लिया गया है और यहां पर ब्रेकडाउन गाड़ियों के अलावा कई तरह से अतिक्रमण कर लिया गया है। ऐसी स्थिति में सामान्य आवागमन को लेकर दिक्कतें पैदा हो रही है। कई बार ऐसे मामलों में यातायात पुलिस और निगम की ओर से कार्यवाही भी की गई, लेकिन इसके बावजूद हालात जस के तस रही। इसलिए समस्या के स्थाई समाधान के लिए इस रास्ते पर रोड डिवाइडर की व्यवस्था करने की योजना बनाई गई और इस पर काम शुरू कर दिया गया।



निरीक्षण करते निगम के अधिकारी।

# मोबाइल की चोरी, खाते से डेढ़ लाख गायब, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत क्वा.नं. बी 244, प्रगति नगर दीपका निवासी ईश्वर प्रसाद साहू पिता स्व. भागवत प्रसाद साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 16 अक्टूबर 2024 को शाम लगभग 6 से 7 बजे के मध्य दीपका बुधवारी बाजार गया था जहां ईश्वर प्रसाद के मोबाईल की चोरी हुई जिसमें जिओ कंपनी का सिम लगा हुआ है जो कि उसके यूको बैंक के खाता से कनेक्ट है। ईश्वर प्रसाद द्वारा 17 अक्टूबर 2024 को पुनः अपने नाम पर सिम उसी नंबर का सुबह लगभग 11 बजे जारी कराया गया। उसके बाद ईश्वर प्रसाद के मोबाइल में रकम आहरण संबंधी रात्रि में मैसेज प्राप्त हुआ। मैसेज आने से पता चला कि उसके खाता से कुल 1 लाख 55 हजार 990 रुपये आहरित किया गया है। ईश्वर प्रसाद साहू की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण के बैंक खाते से राशि निकालकर गबन

**बिलासपुर।** ग्रामीण के बैंक खाते से पीएम आवास की राशि निकालकर गबन कर लिया गया है। पुलिस धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। कोटा पुलिस के अनुसार, ग्राम पोंड़ी निवासी नंदूराम सतनामी 64 साल ने रिपोर्ट लिखाई। उसके बैंक खाते में 18 सितंबर 224 को पीएम आवास योजना के तहत 40 हजार रुपए जमा हुआ था। वह रुपए निकालने के लिए बैंक गए तब पता चला उनके बैंक खाते में रुपए नहीं है। पूछताछ करने पर बैंक से जानकारी हुई 13 से 18 अक्टूबर के बीच 5 किस्तों में उनके बैंक खाते में जमा राशि 42 हजार रुपए निकाल लिया गया है। पीड़ित ने कोटा थाने में शिकायत की। कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित ने एसपी कार्यालय में शिकायत की। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर ग्रामीण नंदूराम की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### टीन उखाड़कर प्रीमियम शॉप में चोरी

**बिलासपुर।** चोरों ने थाने के करीब प्रीमियम शॉप की टीन की छत उखाकर गल्ले से 97 हजार 800 रुपए चोरी कर आराम से भाग गए । तारबाहर थाने के करीब लिंक रोड सीएमडी चौक में प्रीमियम शॉप संचालित है। रोज की तरह 22 अप्रैल की रात शॉप बंद कर कर्मचारी घर चले गए। देर रात चोर शॉप में धावा बोलकर टीन की छत व फाल सिलिंग तोड़कर अंदर घूस गया और गल्ले से 97 हजार 800 रुपए चोरी कर आराम से भाग निकला। 23 अप्रैल को सुपरवाइजर कोटा खुरदूर निवासी अर्जुन लाल बंजारे ने शॉप खोला तो छत व फाल सिलिंग टूटी मिली। दराज में रखी शराब की बिक्री रकम 97 हजार 800 रुपए चोरी हो गई थी। सीसीटीवी फुटेज खंगाने पर 1.32 बजे एक युवक चेहरे पर कपड़ा लगाए छत के रास्ते से उतरकर चोरी करते नजर आ रहा है। श्री बंजारे ने सीसीटीवी फुटेज के साथ चोरी की जानकारी तारबाहर थाने को दी। पुलिस ने दुकान का मुआयना करने के बाद श्री बंजारे की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चेक बाउंस, आरोपी को 6 माह कैद

**बिलासपुर।** कोर्ट ने चेक बाउंस होने से आरोपी को 6 माह की सजा सुनाई है। आदर्श कालोनी निवासी रवि प्रीतवानी पिता स्व. श्रीचंद 40 साल तिफरा में अर्थ मूविंग मशीन एवं पाट्‌र्स बेचने का व्यवसाय करते हैं। उनके संस्थान में दीनदयाल कालोनी मंगला निवासी उज्जवल दास गुप्ता विगत कई वर्षों से काम करता था। इसके चलते उनसे पारिवारिक संबंध थे। उनकी पत्नी पायल दास गुप्ता 40 साल ने श्री प्रीतवानी से छ.ग. गृह निर्माण मंडल द्वारा मंगला हाउसिंग बोर्ड कालोनी स्थित आबंटन भूमि में निर्मित मकान खरीदने के लिए एक दो साल के लिए 12 लाख रुपए उधार लिया था। उसके बाद महिला के पति ने उनके संस्थान में काम करना बंद कर दिया। श्री प्रीतवानी ने उधार की रकम 12 लाख रुपए वापस मांगा तो पायल दास गुप्ता ने 9 नवंबर 2022 को 12 लाख का चेक दिया। उन्होंने अपने बैंक में आहरण करने के लिए चेक जमा किया तो उक्त खाते में राशि नहीं होने से चेक बाउंस हो गया। श्री प्रीतवानी ने उनके रकम वापस मांगा तो वे टालमटोल करने लगे। श्री प्रीतवानी ने पायल दास गुप्ता के खिलाफ कोर्ट में परिवाद पेश किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की गवाही सुनने के बाद पायल दास गुप्ता को 6 माह साधारण कारावास व 9 प्रतिशत ब्याज सहित 14 लाख 58 हजार 900 रुपए देने कहा।

### अपोलो व फर्जी डाक्टर के खिलाफ एक और शिकायत

**बिलासपुर।** अपोलो हास्पिटल प्रबंधन व फर्जी डाक्टर के खिलाफ एक और पीड़ित ने पिता की मृत्यु की लिखित शिकायत सरकण्डा थाने में की है। पुलिस शिकायत पर जांच में जुट गई है। सरकण्डा थाना के एसआई कृष्णा साहू ने बताया, तोरवा निवासी सुरेश डोडेजा पिता स्व. भगतराम डोडेजा ने लिखित शिकायत की है। उन्होंने अपने पिता भगतराम को पेट दर्द की शिकायत होने पर 27 नवंबर 2006 को इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान डा. नरेन्द्र विक्रमादित्य ने उनके पिता की एनजीओ प्लास्टी की थी।

---

**अब बनेंगे 56 हजार आवास** — 61 हजार आवास बनाने मिला था टारगेट, कई ग्रामीणों के नाम सूची से हटे, उनके बन चुके हैं पक्के मकान

# प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजनाः स्वीकृति के बाद पांच हजार आवास निरस्त


**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजनान्तर्गत जिले को इस बार 61 हजार आवास का टारगेट मिला है। इसमें स्वीकृति के बाद लगभग पांच हजार आवास निरस्त हो गए हैं। इनमें पहले कई लोगों का सर्वे सूची में नाम था, किन्तु वर्तमान में उनके पक्के मकान बन गए हैं या अब वे शासकीय नौकरी में आ गए हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना तहत जिले में स्वीकृति के बाद आवास निर्माण कार्य शुरू हो गया है और जिला पंचायत से आवास की राशि भी जारी होते जा रही है। शासन से इस बार बिलासपुर जिले को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में 61 हजार आवास बनाने का टारगेट दिया गया था। इन आवासों की स्वीकृति भी हो गई थी, उसके बाद यह मामला सामने आया कि इसमें से बहुत से लोग योजना से बाहर हो गए हैं। जिनके पहले सर्वे सूची में नाम थे उनमें से कई ग्रामीणों के पक्के मकान बन चुके हैं। इसी तरह पहले जो गरीब आवासविहीन थे, उनमें कुछ शासकीय नौकरी पा गए हैं। कुछ लोगों की मृत्यु हो चुकी है। इस तरह के कई मामले सामने आए हैं, जिसके बाद लगभग स्वीकृति के बाद पांच हजार आवास निरस्त किए गए हैं। पांच हजार आवास निरस्त किए जाने के बाद अब जिले में लगभग 56 हजार आवास निर्माण कराना है।

### पांच साल से ठप था आवास निर्माण

छत्तीसगढ़ में पिछले कांग्रेस सरकार के समय राज्य और केंद्र सरकार के बीच टकराव की स्थिति बनी रही, जिसके चलते कांग्रेस सरकार के समय प्रधानमंत्री आवास योजना पर ध्यान ही नहीं दिया गया और नए प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास पिछले चार-पांच सालों में स्वीकृत ही नहीं हो पाए। पिछले पांच साल से प्रतीक्षा सूची में शामिल ग्रामीणों का आवास बनाने का सपना पूरा नहीं हो पाया था। लेकिन छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद प्रतीक्षा सूची वालों का आवास स्वीकृत किए गए हैं। बिलासपुर जिले में प्रतीक्षा सूची में जिन ग्रामीणों के नाम शामिल थे उनके आवास की स्वीकृति दी गई है।

### कहां-कहां कितना बनना है आवास



प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रतीक्षा सूची में ग्रामीणों के नाम शामिल हैं उनके आवास स्वीकृत किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रतीक्षा सूची में शामिल ग्रामीणों के आवास निर्माण का सपना अब जल्द पूरा होने वाला है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रतीक्षा सूची में शामिल हितग्राहियों में से बिल्हा जनपद पंचायत अंतर्गत 11,271, जनपद पंचायत कोटा में 11,794, जनपद पंचायत मस्तूरी में 13,242, जनपद पंचायत तखतपुर में 7,608 हितग्राहियों के आवास बनना है।

### चार किश्तों में मिलेंगे 1 लाख 20 हजार

प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना तहत हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए शासन की ओर से 1 लाख 20 हजार राशि दी जाती है। यह राशि ग्रामीणों को चार किश्तों में प्रदान की जाती है, जिसमें पहली किश्त आवास स्वीकृत होने पर 25 हजार रुपए, दूसरी किश्त प्लिंथ स्तर का काम होने के बाद जियोटैग के पश्चात 40 हजार रुपए, तीसरी किश्त छत स्तर के आवास निर्माण का जियोटैग के बाद 40 हजार रुपए तथा चौथी किश्त 15 हजार रुपए आवास निर्माण पूर्ण होने पर मिलती है।

### स्वीकृत हुए नए आवास

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण तहत नए आवासों की स्वीकृति हो गई है। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना तहत 61 हजार आवासों का बड़ा लक्ष्य रखा है। इसमें से लगभग पांच हजार आवास विभिन्न कारणों से निरस्त किए गए हैं, जिससे अब करीब 56 हजार आवास निर्माण कराना है।

**-संदीप अग्रवाल,** सीईओ, जिला पंचायत

---

**फूड पाइजिनिंग : सिम्स में चल रहा है मरीजों का इलाज**

# शादी का खाना पड़ा महंगा 35 बीमार, 10 बच्चे भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 1 व्यक्ति की हालत नाजुक, आईसीयू में किया गया शिफ्ट

फूड पाइजिनिंग की चपेट में आने के कारण 35 लोगों को सिम्स में भर्ती किया गया है। मामला तुर्काडीह गांव का है, जहां पड़ोस के गांव में शादी के निमंत्रण में गए ज्यादातर लोगों की तबीयत अचानक खराब हो गई। सभी मरीजों को पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत है।

शहर से सटे तुर्काडीह गांव के 27 लोगों को उल्टी, दस्त और पेट दर्द के बाद इलाज के लिए सिम्स में भर्ती किया गया है। इन मरीजों में 10 बच्चे भी शामिल है, जिन्हें उल्टी और दस्त की समस्या है। बताया जा रहा है कि पड़ोस के गांव में एक दिन पहले शादी का निमंत्रण था, ऐसे में पूरा गांव शादी में शामिल होने गया था,इसी शादी का खाना खाने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ी है। गुरूवार की शाम 7 बजे सिम्स के आपातकालीन वार्ड में सभी मरीजों को लाया गया है, उनकी स्थिति को देखते हुए प्रबंधन ने सीधे ट्राइएज में भर्ती कर दिया गया, दो घंटे के अंतराल के बाद कुछ मरीजों की स्थिति में सुधार देखते हुए उन्हें वार्ड में शिफ्ट किया गया है। वहीं 10 बच्चों को पीडियाट्रिक वार्ड में भेजा गया है, बच्चों की उम्र 3 से 15 वर्ष के बीच है। इसमें मरीजों में 1 मरीज की हालत नाजुक है, दिल की धड़कन कम होने के बाद उसे आईसीयू में शिफ्ट किया गया है।



सिम्स में भर्ती फूड पाइजिनिंग के मरीजों का चल रहा इलाज।

### लौकी व दाल खाने से बिगड़ी तबीयत



सिम्स में भर्ती मरीजों से बातचीत में पता चला है कि शादी में लौकी और दाल खाने के बाद ज्यादातर मरीजों की स्थिति बिगड़ी है, गुरूवार की सुबह से ही उन्हें उल्टी और दस्त की समस्या रही है, वहीं शाम होते-होते कई मरीज पूरी तरह से सीरियस हो चुके थे। जिसके बाद उन्हें सिम्स में भर्ती करना पड़ा है।

### बढ़ सकता है मरीजों का आंकड़ा

सिम्स के अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने बताया कि शाम को मरीज आए हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है। मरीजों की स्थिति स्थिर है लेकिन इलाज जारी है। जिस तरह से एक के बाद एक मरीज आए हैं, जिससे मरीजों का आंकड़ा बढ़ भी सकता है। उन्होंने कहा कि एक मरीज की हालत नाजुक है।

### स्टाफ को एलर्ट रहने कहा गया है

मरीजों को ट्राइएज में भर्ती किया गया था, हालत में सुधार होने के बाद उन्हें अलग-अलग वार्ड में भेजा गया है। हमारी टीम काम कर रही है, बेहतर इलाज किया जा रहा है। डाक्टर और स्टाफ को एलर्ट रहने के लिए बोला गया है।

**-डॉ रमणेश मूर्ति**
डीन, सिम्स

---

# शालीमार-एलटीटी सहित 20 ट्रेनें आईं पटरी पर, परेशानी कम नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

14 दिन के बाद रद्द की गई 36 ट्रेनों में से शालीमार से एलटीटी एक्सप्रेस, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेससहित मुख्य ट्रेन के साथ कुछ लोकल मिलाकर 20 ट्रेनें पटरी पर एक बार फिर वापस आ गई है, लेकिन यात्रियों की परेशानी अभी कम नहीं हुई है। शुक्रवार से आजाद हिंद और मेल एक्सप्रेस का भी परिचालन तो शुरु हो जाएगा, लेकिन हावड़ा से लेकर मुम्बई तक चलने वाली सूरत मालदा टाउन सहित 50 ट्रेनों के पहिए फिर से रोक दिए जाएंगे।



रेल प्रशासन ने 11 अप्रैल से रायगढ़-कोतरलिया स्टेशन के बीच चौथी लाइन कनेक्टिविटी और यार्ड मॉडिफिकेशन के लिए 36 ट्रेनों को रद्द किया था। 36 ट्रेनों के रद्द किए जाने के कारण सबसे अधिक परेशानी हावड़ा से मुम्बई के बीच आने-जाने वाले यात्रियों को हो रही थी। रेलवे ने ऐसे समय में ट्रेनों के पहिए रोक दिए थे, जब बच्चों की छुट्टियां लगने के साथ समर वेकेशन की शुरुआत हो गई है। इस दौरान बच्चे अपने परिजन के साथ बाहर आना-जाना करते हैं। रद्द की गई ट्रेनों में सफर करने के लिए लोगों ने दो माह पहले से ही बुकिंग कर रखी थी, जिसमें कई लोगों के वेटिंग टिकिट भी थे जो ट्रेन परिचालन तिथि में अपने वेटिंग टिकिट को कंफर्म होने की आस में रिफंड नहीं कर रहे थे। ट्रेनों के अचानक रद्द होने के कारण कंफर्म और वेटिंग टिकिट लेने वालों को रिफंड करना मजबूरी हो गई। इसके एवज में रेलवे ने सभी को बुकिंग की पूरी राशि भी वापस की, लेकिन इसमें यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। 14 दिन के बाद गुरुवार को यात्रियों को थोड़ी राहत मिली। रद्द की गई 36 ट्रेनों में से बिलासपुर-रायगढ़ के बीच चलने वाली लोकल मेमू, टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस, संतरागाछी-जबलपुर हमसफर एक्सप्रेस, सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस, संतरागाछी-पुणे अप-डाउन एक्सप्रेस, भुवनेश्वर-कुर्ला एक्सप्रेस, बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस, हावड़ा-मुम्बई एक्सप्रेस, एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस, हावड़ा-सांईनगर शिरडी एक्सप्रेस, हटिया-एलटीटी एक्सप्रेस, हावड़ा-पुणे दूरंतो एक्सप्रेस, पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस, एलटीटी-शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस पटरी पर वापस आ गई है। इन ट्रेनों के चलने से यात्रियों को हावड़ा और मुम्बई के बीच सफर करने की सुविधा तो मिल गई है, लेकिन उनकी परेशानी अभी कम नहीं हुई है।

### आज से चलेगी आजादहिंद

रद्द की गई 36 ट्रेनों में कुछ ट्रेनों को रेलवे 25 अप्रैल से शुरु करेगी। इसमें हावड़ा-पुणे अप-डाउन आजाद हिंद एक्सप्रेस, हावड़ा-पुणे दूरंतो एक्सप्रेस, बिलासपुर-रायगढ़ लोकल मेमू, बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस, टाटानगर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस, जबलपुर-संतरागाछी एक्सप्रेस और डायवर्ट होकर चल रही मेल व दूरंतो में 26 अप्रैल से सफर करने की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा हावड़ा से सीएसएमटी के बीच चलने वाली गीतांजली एक्सप्रेस का परिचालन 27 अप्रैल से किया जाएगा।

### 50 ट्रेनें आज से रद्द

रायगढ़-कोतरलिया स्टेशन के बीच काम 25 अप्रैल को समाप्त होने के बाद राजनांदगांव-कलमना के बीच तीसरी लाइन व अन्य कार्य किया जाएगा। इसकी वजह से शुक्रवार 25 अप्रैल से 7 मई तक सूरत-मालदा टाउन, ओखा-हावड़ा, हावड़ा-सीएसटीएम मेल एक्सप्रेस, बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस, रायगढ़-गोंदिया जनशताब्दी एक्सप्रेस, बिलासपुर-नागपुर वंदेभारत एक्सप्रेस, तिरूवनंथपुरम-कोरबा एक्सप्रेस, बिलासपुर-इरनाकुलम एक्सप्रेस, चेन्नई एक्सप्रेस, कोरबा-यशवंतपुर, निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस, रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस, दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस, कामख्या एवं 50 ट्रेनों के पहियों को रोका जाएगा।

---

# सरकारी पट्टे पर हुए थे काबिज, अब बेदखली नोटिस से मचा हड़कंप

- नोटिस का जवाब देने के बाद होगी अगली कार्रवाई

**बिलासपुर।** पट्टा मिलने के बाद घर बनाकर रह रहे खमतराई के करीब 150 परिवारों को भी बेदखली का नोटिस मिलने के बाद उन परिवारों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन द्वारा खमतराई के करीब पांच सौ परिवारों को सरकारी जमीन का बेजा-कब्जाधारी मानते हुए नोटिस जारी किया गया है। सभी को अपना पक्ष रखने हेतु समय दिया गया है, जिसके बाद मामले में आगे की कार्यवाही की जाएगी।

शहर को पूरी तरह अतिक्रमण से मुक्त करने के उद्देश्य जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत खमतराई के करीब पांच सौ रहवासियों को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस पाने वाले लोगों में सभी बेजा-कब्जाधारी हैं या नहीं यह तो संबंधितों द्वारा अपना दस्तावेज व जवाब प्रस्तुत करने के बाद ही इस बात का पता चल सकेगा। स्थानीय निवासियों के अनुसार उन्हें साल 2010 में प्रशासन द्वारा ही पट्टा जारी किया गया था। उक्त पट्टा करीब एक डिसमिल जमीन के लिए जारी किया गया था व इसी के आधार पर उन्होंने यहां अपने मकान बनाए हैं।

प्रशासन द्वारा बीते दिनों जारी किए गए नोटिस के बाद उन स्थानीय निवासियों में ज्यादा हड़कंप की स्थिति है, जिन्होंने पट्टा मिलने के बाद अपने घर यहां बनाए थे।

### आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत रहने के दौरान प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं आने व कोई कार्रवाई नहीं होने की सोचकर अधिकांश लोगों द्वारा यहां अवैध कब्जा कर मकान बना लिए थे। अब खमतराई के नगर निगम सीमा में शामिल होने व अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन का अलर्ट मोड में आने के बाद लगातार बेजा-कब्जाधारियों को बेदखली का नोटिस जारी किया जा रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार प्रशासन के पास बेजा-कब्जा धारियों की पहले से कोई सूची उपलब्ध नहीं है। विभाग ने नोटिस में नाम के स्थान पर पूछ-पूछकर नाम भरकर सभी को नोटिस जारी किया है। इसी तरह अपना जवाब एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु तहसीलदार के न्यायालय में प्रस्तुत होने को कहा गया है।

---

# प्रताड़ना से युवक ने की थी खुदकुशी, दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** प्रेम विवाह के बाद युवती को जबरिया ले जाकर प्रताड़ित करने पर प्रेमी युवक ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली थी। जांच के एक साल बाद अपराध कायम कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



तारबाहर टीआई कृष्णचंद सिदार ने बताया, 19 मार्च 2024 को महासमुंद बकमा निवासी योगेश निर्मलकर पिता मनोहर लाल निर्मलकर 25 साल ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली थी। उसने मृत्यु के पहले सुसाइड नोट छोड़ा था। जांच में खुलासा हुआ मृतक अपने समाज की एक युवती से प्रेम करता था और उसे भगाकर रायपुर महादेव मंदिर में शादी कर ली थी। उसके बाद दोनों पति पत्नी तारबाहर क्षेत्र में रह रहे थे। जानकारी होने पर युवती के मामा कन्हैया निर्मलकर, मौसा जगत निर्मलकर मृतक पर दबाब बनाकर युवती को अपने साथ ले गए और बातचीत करना बंद कर दिया, इससे त्रस्त होकर योगेश ने खुदकुशी की थी। एक साल जांच के बाद पुलिस ने मामले में धारा 306 के तहत आरोपी कन्हैया उर्फ कनई पिता श्याम लाल निर्मलकर 33 साल राजिम गिरयाबंद, जगत राम निर्मलकर पिता मिलन राम निर्मलकर 41 साल कुरूद धमतरी निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।

---

# 8 एजेंसियां लगा रहीं नंबर प्लेट, न प्रचार, न प्रसार

- वाहन चालकों को जानकारी ही नहीं

**बिलासपुर।** हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने का काम काफी धीमी गति से चल रहा है, पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है और परिवहन विभाग ने 8 एजेंसियों को इसका ठेका दिया है, लेकिन वाहन चालकों को जानकारी तक नहीं है। विभाग की ओर से प्रचार व प्रसार पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसका नतीजा यह है कि लाखों वाहनों पर अबतक नंबर प्लेट नहीं लगाया जा सका है।

वाहनों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है, लेकिन वाहन चालकों को इसकी खबर तक नहीं है। वहीं परिवहन विभाग भी चैन की नींद में सो रहा है। हाल ही में उच्च अधिकारियों ने सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने को लेकर दिशा निर्देश दिया है, लेकिन इसका असर जिले में होता नहीं दिख रहा है। 8 एजेंसी होने के बाद भी लाखों गाड़ियों में नंबर प्लेट नहीं लगाया जा सका है।

### आनलाइन सुविधा लेकिन साइट खराब

खास बात यह है कि केन्द्र सरकार ने इस सुविधा को पूरी तरह से ऑनलाइन करने का आदेश दिया है, छत्तीसगढ़ में भी परिवहन विभाग की साइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने की सुविधा है, लेकिन कई बार यह साइट ठीक तरह से काम नहीं करता है।

---

**तत्कालीन नायब तहसीलदार ने बगैर अनुमति के करोड़ों की शासकीय भूखंड का पट्टा जारी कर दिया**

# मोपका की 310 सरकारी जमीन 40 टुकड़ों में अवैध तरीके से बिकी

**17 सदस्यीय टीम ने सौंपी जांच रिपोर्ट, जांच टीम ने गड़बड़ी के लिए किसी अधिकारी को जिम्मेदार नहीं माना है और क्लीन चिट दे दी गई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

मोपका की 310 एकड़ पट्टे की जमीन की अफरातफरी की गई है। लगातार शिकायतों के बाद कलेक्टर ने 17 सदस्यीय टीम से जांच कराई थी। इसकी रिपोर्ट आ गई है।

इस रिपोर्ट से साफ हुआ है कि करोड़ों रुपए कीमती सरकारी जमीन को 40 से अधिक टुकड़ों में बेचा गया। हालांकि जांच टीम ने इस गड़बड़ी के लिए किसी अधिकारी को जिम्मेदार नहीं माना है और उन्हें क्लीन चिट दे दी गई है जबकि बिना अधिकारियों के मिलीभगत के ऐसा संभव ही नहीं है। सबसे बड़ी बात की शासकीय भूखंड का पट्टा कलेक्टर के आदेश पर एसडीएम जारी करता है। मोपका में इन नियमों की धज्जियां उड़ाई गई। तत्कालीन नायब तहसीलदार ने बगैर अनुमति के करोड़ों की शासकीय भूखंड का पट्टा जारी कर दिया। ग

### मोहन सिंह को जमीन कहां से मिली, उल्लेख नहीं

दरअसल मोपका स्थित खसरा नंबर 992 और 993 को निस्तार पत्रक में सरकारी भूमि के रूप में उल्लेखित किया गया है। इसमें से खसरा नंबर 993/1 छोटे-बड़े झाड़ के जंगल की जमीन है। इसके मद परिवर्तन के लिए वन विभाग की अनुमति लेना अनिवार्य है लेकिन, यहां की जमीनों का ट्रांसफर करते समय तत्कालीन राजस्व अधिकारियों ने कलेक्टर की अनुमति भी नहीं ली। अधिकार अभिलेख वर्ष 1954-55 में भी गड़बड़ी की गई। इसमें खसरा नंबर 1034 और खसरा नंबर 2521/1 की क्रमशः 2.79 और 2.12 एकड़ कुल 4.91 एकड़ जमीन बोने खाने के लिए मोहन सिंह पिता निक्काराम को दी गई थी। यहां छोटे-बड़े झाड़ के जंगल की जमीन वन विभाग और कलेक्टर की अनुमति के बगैर ही बेच दी गई। जांच रिपोर्ट में हालांकि इस बात का उल्लेख नहीं है कि मोहन सिंह को यह जमीन कहां से मिली।

### अधिकार अभिलेख जीर्ण-शीर्ण बता दिया

अधिकारियों के मुताबिक राजस्व दस्तावेजों के अलावा मिशल से मिलान करने के बाद रिपोर्ट तैयार की गई है। रिपोर्ट पर नजर डालें तो खसरा नंबर 993 में 242.83 एकड़ और खसरा नंबर 992 में 68 एकड़ से ज्यादा शासकीय भूखंड राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। मिसल बंदोबस्ता 1928-29 में भी इसका उल्लेख है। जमीन दलालों ने खसरा नंबर 993 को दो टुकड़ों में 993/1 और 993/2 में बांटकर नक्शा भी अलग-अलग बना दिया है। रिपोर्ट के अनुसार खसरा नंबर 993/2 रकबा 57.35 एकड घास मद में दर्ज है।हालांकि जांच टीम ने यह कह दिया है कि ग्राम मोपका का अधिकार अभिलेख जीर्ण-शीर्ण होने एवं शासकीय भूमि की जानकारी से सम्बंधित पृष्ठ उपलब्ध नहीं होने के कारण 993/1 एवं 993/2 के सम्बन्ध में स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है।

### पट्टा मिला तो बिना अनुमति लिए ताबड़तोड़ बेच डाला

जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में क हा है कि जिन जमीनों पर लोग काबिज है उनमें से किसी ने भी नोटिस के बाद भी कोई दस्तावेज पेश नहीं किया। यही नहीं यह भी पाया गया कि वन (सरंक्षण) अधिनियम 1980 लागू होने के पूर्व वर्ष 1978-79 में आनन-फानन में आवश्यक दस्तावेज नहीं होने और प्रक्रिया का पालन किए बिना पट्टा वितरण की कार्रवाई की गई। यही नहीं पट्टा प्राप्त करने वाले अधिकांश व्यक्तियों ने सिर्फ 3 से 6 साल के बीच में लगातार इस जमीन को बेच भी दिया गया। जमीन बेचने के दौरान यह भी घोषणा कर दी गई कि यह भूमि पट्टे से प्राप्त भूमि नहीं है।

### बिना जांच कराड़ों की सरकारी जमीन का नामांतरण

जांच टीम ने नामांतरण अधिकारी की भूमिका पर भी सवाल उठाया है। इसमें कहा गया है कि नामांतरण आदेशकर्ता अधिकारी के द्वारा पट्टे से प्राप्त भूमि होने के बाद भी बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति लिए नामांतरण किया गया है एवं बाद में पट्टे की भूमि का कई बार छोटे टुकड़ों में बेची गई। जांच रिपोर्ट में तात्कालीन नामांतरण अधिकारी की भूमिका पर भी सवाल है। इसके साथ ही रिपोर्ट में कहा गया है कि भू-राजस्व संहिता (वर्तमान छ.ग. भू-राजस्व संहिता) 1959 की धारा 237 (2) के अंतर्गत मोपका की इन जमीनों को व्यवस्थापित करने के पूर्व उसे कृषि योग्य करने की अनुमति कलेक्टर से ली जानी थी लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। यदि अनुमति ली जाती तो निस्तार पत्रक में उक्त अनुमति का लेख दर्ज रहता। इसके साथ ही भूमि व्यवस्थापन के पूर्व विकास खंड स्तरीय बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति द्वारा व्यवस्थापन का अनुमोदन लिया जाना आवश्यक था किन्तु उक्त प्रक्रिया नहीं अपनाते हुए व्यवस्थापन अवैधानिक रूप से कर दिया गया।

## खबर संक्षेप



### भाजपा ने चलाया प्रबुद्ध जन संपर्क अभियान

**कोरबा।** सर्वमंगला मंडल अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों में संगठन के निर्देश पर हितानंद अग्रवाल के द्वारा सर्वमंगला मंडल अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों का दौरा किया गया। जहां उनके द्वारा अनुसूचित जाति के प्रबुद्ध परिवार जनों से भेंट मुलाकात की गई। हितानंद अग्रवाल मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ संजय खूंटे, लखनलाल आदिले, पंचराम खूंटे, सुदर्शन सारथी, काशीराम टंडन, रूपराम ज्वाला, सुरित राम, देवनाथ कोसले के घर पहुंचे। इस दौरान हितानंद अग्रवाल ने सभी परिवारों के मुखियाओं को गमछा पहनकर उनका सम्मान किया। साथ ही 27 अप्रैल को गीतांजलि भवन कोरबा में आयोजित डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह में पधारने हेतु निमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में आने हेतु निवेदन किया। इस दौरान हितानंद अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने आजादी के बाद से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को कभी भी सम्मान देने का कार्य नहीं किया उनके विचारों को कभी भी बढ़ाने का कार्य नहीं किया। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने तो सन 1952 एवं 1954 के लोकसभा चुनाव में उन्हें हराने का कार्य किया। पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनसे भय था वे उनकी सामाजिक एवं राजनीतिक हत्या करना चाहते थे। इस दौरान अभियान में मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता दर्शन सिंह चावला,कुणाल जादूगर, गोविंद सिदार, जीवनलाल साहू, प्रशांत मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए बैठक



**कोरबा।** हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) के त्वरित क्रियान्वयन के लिए 24 अप्रैल को जिला परिवहन विभाग और अनुबंधित कंपनी रीयलमजोन के बीच बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत सभी वाहनों में एचएसआरपी लगाने की प्रक्रिया में तेजी लाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि एचएसआरपी लगाने के लिए जिले के प्रमुख क्षेत्रों कलेक्टर परिसर, नगर निगम कार्यालय, जिला परिवहन कार्यालय, बालको प्लांट परिसर एवं जमनीपाली में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से वाहन स्वामियों को अपने वाहनों में हाई सिक्योरिटी प्लेट लगवाने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही पंजीकृत वाहनों में मोबाईल नंबर अपडेट कराने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए जिला परिवहन कार्यालय में 10 काउंटर शुरू किए गए हैं, ताकि वाहन स्वामी बिना किसी असुविधा के अपना नंबर अपडेट करा सकें। जिला परिवहन अधिकारी ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द एचएसआरपी लगवाएं और मोबाईल नंबर अपडेट कराएं, जिससे उन्हें संबंधित सूचनाएं समय पर प्राप्त हो सकें।

## पृष्ठ 1 का शेष

### व्यापारी पर...

उसकी सूचना श्याँग पुलिस को दी। हमलावरों ने आयुब मेमन के सिर पर कट्टे की बट से जानलेवा हमला करने का प्रयास किया है जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट लगी है उन्हें उपचार के लिए करतला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।व्यापारियों ने हमलावर धनेश्वर सिंह को पकड़कर श्यांग पुलिस के सुपुर्द कर दिया है और पुलिस ने मामले में तहकीकात शुरू कर दी है।

### स्वास्थ्य सचिव ने...

सुचारू रूप से सचालित करने के निर्देश दिए गए गया एवं कोरबा जिले में डीएमएफ से विशेषज्ञ चिकित्सक, दंत चिकित्सक, स्टाफ नर्स, लैब टैक्नीशियन, एक्स-रे टेक्नीशियन तथा चतुर्थ श्रेणी जैसे मानव संसाधन की नियुक्तिएवं अन्य विकास कार्यों के प्रति सराहना व्यक्त की। इस दौरान संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें रायपुर के संयुक्त संचालक डॉ. एस. के. पामभोई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी सहित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## 54वां संभागीय स्तर के खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

# खेलकूद की सभी विधाओं का आयोजन करना केंद्रीय विद्यालय संगठन की परंपरा : पाटिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश की सार्वभौमिक एवं सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों के रूप में अपना लोहा मनवा चुकी केंद्रीय विद्यालय संगठन यूं तो कोई पहचान की मोहताज नहीं है आज भी पूरे भारत और विदेश तक इसकी उपलब्धि और कीर्ति पताका का परचम व्याप्त है। छात्र-छात्राएं यहां से पढ़कर देश-विदेश के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों और जिम्मेदारियां पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शैक्षणिक, प्रशासनिक, राजनीतिक, रक्षा क्षेत्र से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक के खेलकूद में यहां के विद्यार्थियों का वर्चस्व हमेशा से रहा है। केंद्रीय विद्यालय संगठन का मूल मंत्र है विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास अर्थात विद्यार्थियों को प्रत्येक क्षेत्र में काबिल और परिपक्व बनाना।

इस कड़ी में 24 अप्रेल को 54वां संभागीय स्तर के खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।



खेलकूल प्रतियोगिता में शामिल अतिथि एवं बच्चे।

खेलकूद के सभी विधाओं का आयोजन प्रत्येक वर्ष करना केंद्रीय विद्यालय संगठन की परंपरा रही है। जिससे यहां के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा और दक्षता के साथ इस क्षेत्र में भी अपना करियर बना सके। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3 कुसमुंडा कोरबा में इस आयोजन के तहत खो - खो प्रतियोगिता आयु वर्ग 14 और 17 की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतिस्पर्धा 24 अप्ैरल से 26 अप्रैल तक लगातार चलेंगी। इस प्रतियोगिता में आयु वर्ग 14 में 82, और आयु वर्ग 17 में 82 विद्यार्थी शामिल हुए। इन विद्यार्थियों को 17 अनुरक्षक के द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इन विद्यार्थियों के रहने खाने की पूरी व्यवस्था विद्यालय में की गई है प्रतियोगिता और परिणाम में पारदर्शिता को ध्यान में रखकर उनके सफल आयोजन के लिए 10 प्रशिक्षित निर्णायक अधिकारी को आमंत्रित किया गया है। इस खेल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एसईसीएल के महाप्रबंधक और विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एस. टी. पाटील और विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य विभाग कुसमुंडा के सीएमओ डॉ नीतू मनी दास की गरिमामय उपस्थिति में इस खेलकूद का प्रारंभ किया गया। सर्वप्रथम कलर पार्टी के द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया गया। प्राचार्य योगेश गुप्ता ने पुष्प गुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया। तत्पश्चात स्वागत उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य योगेश गुप्ता ने पूरे आयोजन की रूपरेखा, परिणाम संरचना और आगे की प्रतिभागियों के राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन और सफलता के बारे में प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने भी अपने आशीर्वाद उद्बोधन में खेल के महत्व और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य बताया। मुख्य अतिथि के द्वारा प्रतियोगिता की घोषणा की और खेलकूद निष्ठा की शपथ दिलाकर आयोजन का उद्घाटन किया गया। विद्यार्थियों में इस आयोजन के लिए बहुत अधिक उत्साह और रुचि देखने को मिली । इस अवसर पर खो-खो का प्रथम मैच केंद्रीय विद्यालय दंतेवाड़ा और केंद्रीय विद्यालय झगराखंड के बीच में प्रारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने विद्यार्थियों से हाथ मिलाकर उन्हें प्रोत्साहित किया और सफलता की शुभकामनाएं दी। इस खेलकूद के आयोजन में खेलकूद शिक्षक आर. के. प्रधान की मुख्य भूमिका रही।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने जेल का किया भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कु0 डिम्पल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा एवं श्री लव कुमार लहरे व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा द्वारा जिला जेल कोरबा का भ्रमण कर विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी गई। जिला जेल कोरबा में 226 अभिररक्षाधीन बंदी तथा 12 सजायफ्ता बंदी सहित कुल 238 बंदी जेल में निरूद्ध पाये गये। कु0 डिम्पल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा जिला जेल कोरबा के सभी बैरक में जाकर अभिरक्षाधीन बंदियों से जेल में भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई, अभिरक्षाधीन बंदियों के प्रकरणों में अधिवक्ता नियुक्त किया गया है अथवा नहीं के संबंध में जानकारी ली गई। अभिरक्षाधीन बंदियों जिनकी उम्र 18 वर्ष से 22 वर्ष तक के सभी बंदियों से पूछताछ की गई तथा ऐसे बंदी जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक है ऐसे बंदियों को विधिक लाभ प्रदान किए जाने हेतु के संबंध में जानकारी दी गई। श्री लव कुमार लहरे व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा द्वारा अभिरक्षाधीन बंदियों को उनके अरोपों के बारे में जानकारी है अथवा नहीं, उनके प्रकरण के संबंध में जानकारी है अथवा नहीं, उनके प्रकरण में अधिवक्ता है अथवा नहीं, मुलाकाती आते हैं अथवा नहीं एवं जमानत के लाभ के संबंध में जानकारी प्रदाय की गई। उक्त भ्रमण के दौरान विजयानंद सिंह, सहायक जेल अधीक्षक, जिला जेल कोरबा उपस्थित रहे।

# 44वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप का होगा आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर महिला फुटबॉल का गौरवशाली आयोजन करने जा रहा है। मुख्यमंत्री कप कोरबा 2025 के अंतर्गत 44वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन 18 से 25 मई तक ओपन थिएटर घंटाघर कोरबा में रात्रिकालीन मैचों के रूप में किया जाएगा।

यह आयोजन भारतीय महिला फुटबॉल महासंघ, नई दिल्ली से संबद्ध है। इस आयोजन की रूपरेखा छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल महासंघ की प्रदेश अध्यक्ष संजू देवी राजपूत के मार्गदर्शन में तैयार की जा रही है। इस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों की महिला खिलाड़ी भाग लेंगी, संभावित टीम पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, उड़ीसा, बिहार, महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, तेलंगाना, गुजरात, अरुणाचल प्रदेश, कर्नाटक, असम, छत्तीसगढ़, जिनका बेहतर सुविधाएं और सम्मान प्रदान किया जाएगा। अध्यक्ष संजू देवी राजपूत ने बताया कि यह आयोजन बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी खिलाओ अभियान की भावना से प्रेरित है, जो प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करने की दिशा में एक प्रयासरत है। यह गौरवपूर्ण आयोजन पहली बार 1999-2000 में कोरबा में हुआ था, जो उस समय के पुलिस अधीक्षक राजा बाबू सिंह के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसके बाद 2005, 2007, 2011 और 2021-22 में भी यह प्रतियोगिता आयोजित हो चुकी है और अब यह छठी बार कोरबा में होने जा रही है। इस आयोजन को सफल बनाने में जिला प्रशासन और सार्वजनिक उपक्रमों का निरंतर सहयोग मिलता रहा है। इस बार भी राष्ट्रीय स्तर पर महिला खिलाड़ियों के हुनर को मंच देने के लिए कोरबा पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री कप कोरबा के अंतर्गत आयोजित 44वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इस संबंध में राष्ट्रीय महासचिव शेख जावेद ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर के नियमों के तहत संचालित की जाएगी।

### दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**कोरबा।** अटल बिहारी विश्वविद्यालय बिलासपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा दिनांक 21 एवं 22 अप्रैल को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। जिसमें ₹सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा₹ विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता तथा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा कोरबा से राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सविता पाठक एवं सहप्रभारी रेणुका लदेर के निर्देशन में छात्राओं ने भाग लिया एवं छात्रा पेमिला चौहान एवं राबिया खातून ने चित्रकला प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य रणधीर सिंह एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्रा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# आतंकी हमले में मारे गए नागरिकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले में मारे गए आम नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम शहीद वीर नारायण सिंह चौक पर आयोजित किया गया, जहां मोमबत्तियां जलाकर मृतकों को याद किया गया।

इस अवसर पर कटघोरा नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव लखनपाल सहित नगर के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव लखनपाल ने इस अमानवीय घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए केंद्र सरकार से इस पर कठोर कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा यह हमला देश की आंतरिक सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। पुलवामा सर्जिकल स्ट्राइक के बाद भी ऐसी घटनाएं रुक नहीं रही हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। सरकार को चाहिए कि वह आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए ठोस और निर्णायक रणनीति बनाए। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर अमर रहें शहीद और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए।

# ताइक्वांडो के बालक खिलाड़ी दुर्ग रवाना रीजनल स्पर्धा में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दुर्ग में होने वाले रीजनल प्रतियोगिता में अपना जौहर दिखाने के लिए कोरबा 6 ताइकांडो खिलाड़ी दुर्ग रवाना हुए है। दुर्ग प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी खिलाड़ियों का उत्सवर्धन करते हुए प्रदेश ताइकांडो के महासचिव अनिल द्विवेदी ने अग्रिम बधाई दी है। 24 से 26 अप्रैल तक दुर्ग केवी में आयोजित रीजनल मीट ताईक्वांडो खेल में कोरबा के 6 खिलाड़ी हिस्सा लेने दुर्ग पहुंच गए है। जिला ताईक्वांडो संघ कोरबा के सचिव लोकेश ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों से केंद्रीय विद्यालय के करीब 150 खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। नेशनल टीम रायपुर रीजन में जगह बनाने के खेलेंगे। कोरबा से दुर्ग जाने वाले खिलाड़ी में अंडर 14 में अधिकार द्विवेदी ओवर 44 किलोग्राम वजन समूह में अपने खेल कला का प्रदर्शन करेंगे, अंडर 17 में तोपेश ठाकुर 34 किलोग्राम, सौहार्द राय 45 किलोग्राम अंडर 19 में सूजल धोते 45 किलोग्राम सोर्य यादव 55 किलोग्राम, सामें धीवर 63 किलोग्राम अपने खेल कला का जौहर दिखाएंगे सभी खिलाड़ी के अच्छे प्रदर्शन की संभावना है। कोरबा के खिलाड़ी एस्कॉर्ट टीचर आर के देवांगन भी दुर्ग पहुंचे है। खिलाड़ियो चयन पर छत्तीसगढ़ ताईक्वांडो संघ के महासचिव अनिल द्विवेदी केंद्रीय विद्यालय एन टी पी सी के प्राचार्य एस के साहू स्पोट्र्स टीचर अस्मित कुमार जिला ताईक्वांडो संघ के अध्यक्ष अखिल अग्रवाल ने खिलाड़ियो को बधाई दी है।



# विजय के जन्मदिन पर मनाया गया सम्मान समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

लायन्स क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के सत्र 2025-26 के लिए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के पद का चुनाव बीते दिवस 12 अप्रेल को जबलपुर मध्यप्रदेश में सम्पन्न हुआ था। जिसमें जिले लायन्स क्लब बालको के वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम पीएमजेएफ ला विजय अग्रवाल सत्र 25-26 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पद के लिए निर्वाचित हुए।

निर्वाचित होने के पश्चात होम क्लब लायन्स क्लब बालको नगर के द्वारा 22 अप्रेल को उनके जन्मदिन पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान श्री अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष डिस्ट्रिक्ट स्लोगन वी बेटर बेहतर बने के साथ डिस्ट्रिक्ट में कुछ नया करने की चाह रखी गई हैं जिसके लिए डिस्ट्रिक्ट के सभी क्लबो से सहयोग की उम्मीद की है। ला राजेन्द्र तिवारी ने बताया की निश्चित ही विजय अग्रवाल काफी अनुभवी है जिस प्रकार से घड़ा आग की गर्माहट पाकर कठोर हो जाता है ठीक उसी प्रकार से विजय अग्रवाल डिस्ट्रिक्ट केबिनेट सेक्रेटरी,रीजन चेयरपर्सन, एलसीआईएफ कोआर्डिनेटर प्रथम व द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जैसे बड़े बड़े व महत्वपूर्ण पद को निभाते हुए मजबूत हो गए हैं। इस अवसर पर पूर्व मल्टीपल कौंसिल चेयरपर्सन पीएमजेएफ ला जयप्रकाश अग्रवाल, ला राजेन्द्र तिवारी, पूर्व मल्टीपल कौंसिल वाइस चेयरपर्सन ला राजकुमार अग्रवाल, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन एमडी माखीजा मंचस्थ रहे। कार्यक्रम में श्रीमती मूर्ति देवी, श्रीमती रेखा अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, निकिता अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, कैलाश नाथ गुप्ता, नीतू गुप्ता, विक्रम अग्रवाल, अजय धनोंदिया, दीपक गर्ग, अजय श्रीवास्तव, राजूदास दीवान, भारत भूषण, गणेश अग्रवा आदि उपस्थित थे।

# कोसाबाड़ी मंडल ने आयोजित की श्रद्धांजलि सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पहलगांम में हुए आतंकी हमले में पर्यटकों से धर्म पूछ कर हिंदुओं को गोली मारी गई पुण्यात्मा की शांति के लिए कोसाबाड़ी मंडल के नेतृत्व में दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया साथ ही आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में आतंकियों पर्यटकों से उनका धर्म पूछा और हिंदू होने पर उन्हें गोलियों से भून दिया। इस कायराना हरकत में कई निर्दोष श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई जबकि अनेक लोग घायल हो गए। इस हृदयविदारक घटना के विरोध में कोसाबाड़ी मंडल के नेतृत्व में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन का आयोजन कर दीप प्रज्वलित कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। लोगों की आंखों में आक्रोश और पीड़ा साफ दिखाई दे रही थी। इस दौरान महापौर संजू देवी राजपूत, जिला महामंत्री पार्षद नरेंद्र देवांगन, मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज राठौर, रामनारायण सोनी, प्रकाश अग्रवाल, लक्ष्मण श्रीवास, गुलजार भैय्या, दिनेश वैष्णव, अर्जुन गुप्ता, अनिल वस्त्रकार, दिनू वैष्णव, सुभाष राठौर, भरत सोनी, विवेक राजवाड़े, ललेश दुबे, पुनीराम साहू, यादव, चंचला राठौर, ज्योति वर्मा, प्रिती चौहान, ममता यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## कोरबा मार्केट







# विश्व पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य, पर्यावरण का संरक्षण : राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

माध्यमिक विद्यालय छुईहापारा संकुल कटसीरा विकासखंड कटघोरा जिला कोरबा में विश्व पृथ्वी दिवस पर संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम ब्रम्हानंद राठौर प्रधानपाठक के नेतृत्व में पृथ्वी मित्र इको क्लब के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों तथा एमडीएम समूह को लेकर आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रधानपाठक श्री राठौर ने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को महत्व एवं बढ़ावा देना है। प्रदूषण को कम करना, प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करना तथा रिसाइकिल करने पर जोर देना है। इस वर्ष पृथ्वी दिवस मनाने का थीम हमारी शक्ति, हमारा ग्रह है। ग्लोबल बदलाव सामुहिक प्रयासों पर जोर देती है। इसलिए आवश्यकता है हम सब मिलकर इस दिशा में कार्य करें। सर्वप्रथम विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल 1970 में अमेरिका में मनाया गया था। पृथ्वी अन्य ग्रहों से अनोखा ग्रह है इसमें जीवन के लिये महत्वपूर्ण संसाधन है जब हम इसे नष्ट करते हैं तो हम पर्यावरण के साथ स्वास्थ्य एवं अन्य चीजों को भी नष्ट करते हैं। श्री राठौर ने कहा कि हमारी पृथ्वी को हम माता कहकर संबोधित करते हैं इनकी विशेषताओं के कारण हम कई नामों से पुकारते हैं भू, धरा, वसुधा, अवनि, वसुंधरा, धरणी इनके गर्भ में रत्न होने से रत्नगर्भा भी कहते है। इनके प्रतिनिधित्व रंग हरा एवं नीला है इसलिए दोनों को बरकरार रखें और स्वयं सेवक बनकर कार्य करें ताकि पर्यावरण के साथ प्राकृतिक संसाधन भी सुरक्षित एवं संरक्षित रहे।



## खबर संक्षेप



### बरपाली में शासकीय भूमि पर बड़े स्तर पर किया गया अवैध कब्जा

**बरपाली।** जिले में अवैध तरीके से जमीन कब्जाधारियों पर कलेक्टर द्वारा लगातार सख्त कार्यवाही किया जा रहा है लेकिन उसके बावजूद अवैध कब्जाधारियों के हौसले काफी बुलंद है। इसका जीता जागता उदाहरण है ग्राम बरपाली पंचायत जहां के भांठापारा से झिका मार्ग पर स्थित हेचरी के सामने की लगभग पांच एकड़ शासकीय भूमि पर अवैध कब्जाधारियों द्वारा जेसीबी चलवा कर भूमि समतलीकरण कर दिया गया तथा यहाँ स्थित एक डबरी में भी राखड़ डंप कर उसे खेत बना दिया गया है जिससे इस तरह के बड़े स्तर के कब्जे को देखकर गांव वाले अचम्भित हैं कि खुलेआम शासकीय भूमि पर कब्जा हो रहा है और प्रशासन मौन है। इसकी शिकायत प्रशासन तक पहुंच चुकी है। ग्रामवासीयों की जानकारी अनुसार यह शासकीय भूमि है। उक्त भूमि में पूर्व में एक डबरी (तालाब) था जिससे कि ग्रामवासियों एवं पशु-पक्षियों का निस्तारीकरण हो रहा था, जिसे कुछ लोगों द्वारा जेसीबी से खेत बनाकर एवं राखड़ डम्प कराकर समतलीकरण किया गया है।आगामी समय में पंचायत की महत्वपूर्ण योजनाएँ उक्त भूमि पर प्रस्तावित है, जिसे पूर्ण करने के लिए रिक्त भूमि की आवश्यकता है। बरपाली पंचायत के सरपंच भुनेश्वर बिंझवार व अन्य ने उपरोक्त भूमि से अवैध कब्जे को हटाने माँग की है।

### कार्यपालक निदेशक से फेडरेशन ने की चर्चा, मांगों पर बनी सहमति



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 1 के महासचिव आरसी चेट्टी के नेतृत्व में संगठन प्रतिनिधियों द्वारा वितरण कंपनी के कर्मचारियों की पदोन्नति, सेवा शर्तों के साथ ही लंबित मुद्दों पर वितरण कंपनी बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ए के अंबष्ठ से चर्चा की गई। एके अंबष्ठ द्वारा फेडरेशन को आश्वस्त करते हुए कर्मचारियों की पदोन्नति, कार्यभारित का नियमितीकरण, तकनीकी कर्मचारियों पर नियम विरुद्ध संस्थित विभागीय जांच निरस्त करने,डाटा एंट्री ऑपरेटरों का दो वर्ष का वेतनवृद्धि, एरियर्स, बोनस, उच्च शिक्षा के लिए अनुमति एवं अन्य संस्थाओं के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने निर्देश दिया गया। फेडरेशन प्रतिनिधियों ने बैठक पूर्व कार्यपालक पद पर पदोन्नति हेतु एके अंबष्ठ को बधाई दी। महासचिव आरसी चेट्टी से बिलासपुर प्रवास के दौरान क्षेत्र के डाटा एंट्री ऑपरेटर, वर्ष 2020 एवं 2023 के 35 से अधिक कर्मचारियों ने उनका अभिवादन किया। इस अवसर पर महासचिव ने डाटा एंट्री ऑपरेटर की सेवा शर्तों,पदोन्नति व अन्य मुद्दों पर सभाकक्ष में बैठक लेकर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर महासचिव आरसी चेट्टी के साथ प्रांतीय प्रचार सचिव पवन दास, कमलेश शुक्ला, क्षेत्रीय अध्यक्ष समीर तिवारी, कोरबा शाखा सचिव रामरतन जायसवाल, उपाध्यक्ष देवेन्द्र पूरी गोस्वामी, डाटा एंट्री ऑपरेटरों में पूर्णेश, नीतीश, प्रदीप, दुर्गेश, पोखराज, मुरली मनोहर, ओम, अभिषेक, खुशबू, काजल, पूनम एवं शिल्पा सहित अन्य उपस्थित थे।

### सप्तदेव मंदिर में ब्राह्मण भोज का आयोजन



**कोरबा।** श्री सप्तदेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के 31 वर्ष, कृष्णा ग्रुप के स्थापना के 51 वर्ष पूर्ण होने एवं कृष्णा ग्रुप के डायरेक्टर राजा मोदी के विवाह के 25 वें वर्षगांठ के अवसर पर 21 अप्रैल को श्री सप्तदेव मंदिर में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक 51 जोडे ब्राह्मण-ब्राह्मणी भोज का आयोजन किया गया। भोग के इस आयोजन में लगभग 120 ब्राह्मण-ब्राह्मणी देवताओं ने उपस्थित होकर भोग का पुण्य लाभ अर्जित किया एवं उक्त कार्यक्रम को किये जाने पर मोदी परिवार तथा राजा मोदी को उनके विवाह के 25 वे वर्षगांठ की बधाई एवं आशीर्वाद दिया। अशोक मोदी ने समस्त ब्राह्मण का आभार व्यक्त किया। श्री मोदी ने बताया कि कोरबा के श्री सप्तदेव मंदिर में लगभग 10 वर्ष पूर्व इस प्रकार का ब्राह्मण भोज का आयोजन किया जा चुका है। इस अवसर पर शाम 4 बजे मॉ श्री राणीसती दादी का मंगलपाठ का आयोजन किया गया।

मुम्बई में आयोजित इंडिया स्टील सम्मेलन में शामिल हुए उद्योग मंत्री देवांगन

# छत्तीसगढ़ स्टील उत्पादन में निभाएगा केंद्रीय भूमिका: लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ ग्रीन स्टील तकनीक अपनाने में देश के अग्रणी राज्यों में से एक है और आने वाले दिनों में प्रदेश स्टील उत्पादन में केन्द्रीय भूमिका निभाएगा। नई औद्योगिक नीति में स्टील सेक्टर को प्राथमिकता दी गई है। स्पंज आयरन व स्टील यूनिट्स को 150 प्रतिशत तक प्रोत्साहन व छूट दी जा रही है। बस्तर के नगरनार स्टील प्लांट के पास 118 एकड़ में नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और रायपुर में आयोजित इंवेस्टमेंट समिट्स में 4.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इनमें से कई प्रस्तावों पर त्वरित क्रियान्वयन शुरू हो चुका है, जिसका उदाहरण हालिया सेमीकंडक्टर प्लांट का भूमिपूजन है।

उक्त बातें वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने मुंबई में आयोजित इंडिया स्टील सम्मेलन में के दौरान कही। इस दौरान श्री देवांगन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2030 तक 300 मिलियन टन स्टील उत्पादन के लक्ष्य में प्रदेश की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित किया। छत्तीसगढ़ देश को इस्पात उत्पादन का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाएगा। 24 से 26 अप्रैल तक मुंबई के बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर (नेस्को) में आयोजित इस सम्मेलन का आयोजन केन्द्र सरकार के इस्पात मंत्रालय और फिक्की के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन में राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा भी उपस्थित रहे। इस दौरान श्री देवांगन ने प्रदेश को स्टील कैपिटल ऑफ इंडिया बताया और कहा कि प्रदेश में देश के कुल लौह अयस्क भंडार का 18 प्रतिशत हिस्सा है। उन्होंने बैलाडीला की खदानों से निकलने वाले उच्च गुणवत्ता वाले लौह अयस्क का उल्लेख किया। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, उद्योग सचिव रजत कुमार, संचालक प्रभात मलिक तथा सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक अभिषेक अग्रवाल समेत कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। उद्योगपतियों से सीधी चर्चासम्मेलन के दौरान श्री देवांगन ने निवेशकों व उद्योगपतियों से राउंड टेबल बैठक में सीधी बातचीत की। इसमें लॉजिस्टिक सपोर्ट, सिंगल विंडो क्लियरेंस, अनुकूल श्रमिक नीति और औद्योगिक क्लस्टर्स पर चर्चा हुई।



सम्मेलन के दौरान उद्योगमंत्री व अन्य।

# लापरवाही पर 6 आवास मित्रों को सेवा से किया गया पृथक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में लापरवाही बरतने पर जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के 6 आवास मित्रो की सेवाएं समाप्त की गई हैं। इसके साथ ही योजना के कार्यों में न्यून प्रगति होने पर 13 आवास मित्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**खास बात**
- समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए थे निर्देश

कलेक्टर अजीत वसंत ने 18 अप्रैल को जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के सद्भावना भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की वृहद समीक्षा बैठक ली थी। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए थे कि प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। आवास के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आवास के कार्यों में लापरवाही करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर के निर्देश पर सीईओ जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के द्वारा समीक्षा बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले तथा कार्यों में न्यून प्रगति और लापरवाही बरतने वाले आवास मित्र शत्रुहन सिंह क्लस्टर आमाटिकरा, पुरुषोत्तम सिंह क्लस्टर जामकछार, सरवन कुमार क्लस्टर कोडगार, दिनेश कुमार क्लस्टर नवापारा, कुमारी नीलावती क्लस्टर पोड़ी खुर्द, कुमारी सुलक्षणा क्लस्टर पिपरिया को आवास मित्र के पद से तत्काल सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इसके साथ मनहरण दास क्लस्टर मल्दा,को पंच निर्वाचित होने पर तथा लेखराम अहीर क्लस्टर चंद्रोटी को उपसरपंच निर्वाचित होने पर आवास मित्र के पद से तत्काल सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इसके साथ ही आवास के कार्यों में न्यून प्रगति वाले 13 आवास मित्रों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

## जेसीबी से बाउंड्रीवाल में की तोड़- फोड़, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत परिवहन नगर निवासी विनय प्रकाश श्रीवास्तव पिता स्व. बद्री प्रसाद श्रीवास्तव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वर्तमान में विनय रायपुर निवासी अमर अग्रवाल पिता सत्यनारायण अग्रवाल के कार्यालय में मैनेजर का कार्य करता है। विनय द्वारा अमर अग्रवाल के नाम पर राजस्व रिकार्ड में ख.नं. 1259 / 5 एवं 1259/7, रकबा 1.61 एकड है जो कि अमर अग्रवाल के नाम पर राजस्व रिकार्ड दर्ज है उक्त भूमि पर विनय द्वारा विगत 2 से 2.5 महीने से बाउण्ड्रीवाल का काम कराया जा रहा था जो कि लगभग पूर्णतः की ओर था, जिसे 20 अप्रैल की सुबह लगभग 10.30 के आसपास तोड़ दिया गया जिसकी सूचना विनय अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फोन कर सूचना दिये कि उनके द्वारा कराया जा रहा उक्त बाउड्रीवाल को पूरी तरह से तहस नहस, तोड़ दिया गया है । तब विनय उक्त भूमि पर तत्काल पहुंचा तो देखा की उक्त बाउड्रीवाल पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया गया है पता करने पर आसपास के लोगो द्वारा बताया गया कि दिनेश अग्रवाल जो कि जमीन दलाली का कार्य करता है जो कि ग्राम उरगा चौक का निवासी है और अधिक पता करने पर पिछे तरफ कार्बन फैक्ट्री के सी.सी. टी.व्ही. को खंगालने पर सुबह 10.15 के आसपास दिनेश अग्रवाल और घनेश्वर दास महंत दोनो मोटर सायकल से आये पीछे से पीले कलर की एक जे.सी.बी. उक्त भूमि की तरफ जाते दिखाई दे रहा है । जे.सी.बी. मशीन के बारे में पता करने पर पता चला कि उरगा चौक निवास अनुभव कौशिक (अनुभव कंस्ट्रक्शन) का होना बताया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## दीवार से टकराई बाइक सवार युवक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

21 वर्षीय युवक अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर चावल लेने सोसाइटी गया हुआ था। जहां से वापस आते समय उसकी तेज रफ्तार बाइक मोड़ पर अनियंत्रित हो गई और सीधे पिल्लर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी युवक को गंभीर चोट आई और परिजनों की मदद से उसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मामला हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उतरदा की है। यहां निवासरत सुरेश पटेल 21 वर्ष गुरुवार की सुबह लगभग 11 बजे अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर सोसाइटी चावल लेने गया हुआ था। जहां से समिति से चावल लेकर वह पुनः अपने घर वापस आ रहा था कि बीच रास्ते में उसकी तेज रफ्तार बाइक मोड़ पर अनियंत्रित हो गई और सीधे पिल्लर से जा टकराई। हादसे के होते ही मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। जिसके बाद परिजनों की मदद से सुरेश पटेल को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है।

## अवैध कबाड़ पर पुलिस की कार्रवाई कबाड़ से भरा वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि राताखार कोरबा में स्थित मुकेश कबाड़ी के दुकान में भारी मात्रा में अवैध चोरी का कबाड़ लोहा, टीना कबाड़ सामान को वाहन में लोड कर खपाने के लिए लेकर जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा राताखार स्थित कबाड़ दुकान जाकर घेराबंदी किया गया जहां पर पुलिस को देखकर कुछ लोग भाग गए जिसमें एक व्यक्ति उपस्थित मिला जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम राताखार निवासी राजेश कुमार उपाध्याय उम्र 48 वर्ष पिता मनहरण लाल उपाध्याय बताया तथा कबाड़ दुकान को मुकेश साहू का कबाड़ दुकान होना तथा दुकान में मजदूरी देखरेख करना बताया। मौके पर दुकान में एक वाहन टाटा छोटा हाथी वाहन क्रमांक को क्रमांक सीजी 12 एबी 6488 अवैध रूप से लोहे-टीन एवं मिश्रित धातु का कबाड़ लोड था। इस संबंध में राजेश कुमार उपाध्याय द्वारा वैध बिल/परमिट प्रस्तुत न करने पर धारा 94 बीएनएसएस व 106 बीबीएनएसएस के तहत वाहन व लगभग 2 टन कबाड़ जप्त किया गया।


कबाड़ सहित जब्त वाहन।

## ओडिशा में आयोजित आर्ट एण्ड कल्चर में शामिल प्रतिभागियों को किया सम्मानित


प्रतिभाओं का सम्मान करतीं महापौर व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ओडिशा के जगन्नाथ संस्कृति यूनिवर्सिटी जगन्नाथपुरी में आयोजित आल इण्डिया ओडिशा फेस्टिवल आर्ट एण्ड कल्चर में कोरबा के प्रतिभावान प्रतिभागियों को महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने सम्मानित किया। उन्होंने इन प्रतिभावान प्रतिभागियों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी प्रतिभा में और अधिक उत्तरोत्तर वृद्धि हों तथा वे विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों में अपनी संस्कृति एवं परम्पराओं को आगे बढ़ाते हुए कोरबा का नाम रोशन करें। सेंट विंसेन्ट पालोटी स्कूल के संगीत शिक्षक कन्हैया वैष्णव ने बताया कि ओडिशा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जगन्नाथपुरी की जगन्नाथ संस्कृति यूनिवर्सिटी में 18 एवं 19 अप्रैल को आल इण्डिया ओडिशा फेस्टिवल आर्ट एण्ड कल्चर की प्रतियोगिता का भव्यतम आयोजन किया गया था। जिसमें गायन, नृत्य आदि विधाओं में देश के लगभग 1500 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सेंट विंसेन्ट पालोटी स्कूल एवं लिटिल स्टार स्कूल के 14 बच्चों एवं अध्यापिकाओं ने इस प्रतियोगिता में अपनी कला का प्रदर्शन किया। उक्त आयोजन के दौरान जिले के 3 प्रतिभाशाली बच्चों का चयन अंतर्राष्ट्रीय आर्ट एण्ड कल्चर प्रतियोगिता के लिए किया गया, यह प्रतियोगिता आगामी दिनों में दुबई में आयोजित की जाएगी। श्री वैष्णव ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु कोरबा से धर्मेश वैष्णव, मधुमिता घटक, अमन टोप्पो का चयन किया गया है।

## तीन पार्षदों ने एसईसीएल सीएमडी से की मुलाकात




हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

नगर पालिका परिषद बांकीमोगरा के गठन के पश्चात गेवरा स्ती क्षेत्र से नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने गेवरा बस्ती क्षेत्र अधिग्रहण की गई भूमि की समस्या को लेकर बिलासपुर हेड ऑफिस के सीएमडी से मुलाकात किये एवं गेवरा बस्ती क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण, जल, बिजली सड़क, रोजगार जैसी मूलभूत अन्य समस्याओं से लिखित आवेदन के सांथ अवगत कराया गया। गेवरा बस्ती क्षेत्र के पार्षदों में श्रवण कुमार, राजकुमार, प्यारेलाल ने सीएमडी एवं अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण करने की बात कही गई। साथ ही साथ लिखित में समस्याओं को आवेदन के तौर पर दिया गया। जनप्रतिनिधि के द्वारा एसईसीएल बिलासपुर के सीएमडी व अधिकारियों को अवगत कराया की गेवरा बस्ती क्षेत्र की जमीन को अधिग्रहण 2014 में कर लिया गया था जो पूरे 10 वर्ष से बीत गए हैं, जिसका पत्रक 5 और 6 के प्रारूप सही से जारी अभी तक नही हो पाया है जिस वजह से गेवरा बस्ती के अधिग्रहण होने पर रोजगार बसावट और अन्य कारणों के वजह से भूस्थापितों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गेवरा बस्ती के पार्षदों के द्वारा एसईसीएल प्रबंधक बिलासपुर सीएमडी ऑफिस में अवगत करते हुए ग्राम गेवरा बस्ती का अधिग्रहण को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया पर जोर देने की बात कही गई साथी ही पत्रक 5 से 6 सही आदेश जारी करने की बात कही गई। इन समस्या को लेकर गेवरा बस्ती क्षेत्र के अन्य वार्ड के जनप्रतिनि भी शामिल रहे जिसमें वार्ड पार्षद 28 से श्रवण कुमार यादव वार्ड 24 से पार्षद राजकुमार कंवर वार्ड पार्षद 26 से प्यारेलाल दिवाकर ने अपने क्षेत्र गेवरा बस्ती की समस्याओं को लेकर उपस्थित रहे।

## समस्याओं के निराकरण के लिए पार्षद ने प्रबंध निदेशक को लिखा पत्र

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद् दीपका के पार्षद अरुणीश तिवारी ने अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एसईसीएल बिलासपुर हरीश दुहन को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि एस.ई.सी.एल. दीपका क्षेत्र के आवासीय परिसर प्रगति नगर कॉलोनी में बरसात के समय पिछले कई वर्षों से जल भराव होने के कारण विशेष रूप से प्रगति नगर कॉलोनी के बी टाईप के घरों में 4-5 फीट पानी भर जाता है जिसके कारण आवासों में निवासरत नागरिकों का लाखों की क्षति होती है और समानों की अत्यधिक बरबादी होती है। साथ ही पूरा दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है जिसके कारण लोग बिमारी का शिकार भी होते है। जिस हेतु सभी समस्याओं का निराकरण बरसात पूर्व करने की मांग की है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## कोरबा मेडिकल कॉलेज में फेस रीडिंग से दर्ज होगी अटेंडेंस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरकारी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में अब कर्मचारियों की अटेंडेंस फेस रीडिंग तकनीक से होगा। डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति दर्ज करने के लिए ये नई व्यवस्था लागू की जा रही है। दरअसल पूर्व में थम्ब सिस्टम से उपस्थिति के दौरान गड़बड़ी की शिकायत मिल रही थी। जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने यह नई व्यवस्था लागू की है।

अब कर्मचारियों की फेस रीडिंग तकनीक से अटैंडेंस होने पर इससे पहचान की सटीकता बढ़ेगी और उपस्थिति में होने वाली गड़बड़ी पर रोक लगेगी। बता दें कि पहले थंब इम्प्रेशन से अटेंडेंस लगता था लेकिन अब जल्द ही फेस रीडिंग मशीन खरीदकर कॉलेज में लगाई जाएगी। थंब इम्प्रेशन में आ रही थी शिकायत जिला मेडिकल कॉलेज के डीन कमल किशोर सहारे ने बताया कि पहले थंब इम्प्रेशन से उपस्थिति दर्ज की जाती थी। इसमें कई तरह की शिकायतें सामने आ रही थीं। नेशनल मेडिकल काउंसिल की गाइडलाइन के अनुसार यह नई व्यवस्था शुरू की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर कोरबा को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली थी। इससे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ है। नक्तिखार क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज के नए भवन का निर्माण तेजी से चल रहा है। इससे आसपास के जिलों के मरीजों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

### युवक के गर्दन पर ब्लेड से हमला, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती निवासी विशाल साहू पिता हरप्रसाद साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 22 अप्रैल की रात्रि लगभग 9.30 बजे जब वह घर के लिये कुछ समान लोने जा रहा था उसी दौरान क्रिस गोलू के द्वारा बीच सड़ककर पर विशाल साहू की बाइक को रूकवाकर उसकी बाइक की चाबी छीन लिया गया और क्रिस गोलू उर्फ विशाल दास महंत के द्वारा विशाल साहू के गर्दन पे ब्लेड पत्ती लगा के जान से मारने की कोशिश किया गया एवं विशाल साहू द्वारा बीच बचाव करने पर ब्लेड उसके हाथ में मार दिया।



By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
यात्रा दिनांक
10 मई 2025
05 जून 2025
29 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
03 अक्टूबर 2025
15 दिन की यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश,
श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री,
श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
राशिः स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच
01 जुलाई से 11 जुलाई , 15 जुलाई से 25 जुलाई,
27 जुलाई से 06 अगस्त 2025(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411